INDIA NON JUDICIAL

Government of Uttar Pradesh

e-Stamp

सत्यमेव जयते

IN-UP74727539545558W

Certificate No.	:	IN-UP74727539545558W
Certificate Issued Date	:	23-Feb-2024 11:24 AM
Account Reference	:	NEWIMPACC (SV)/ up14227704/ BAHRAICH SADAR/ UP-BHR
Unique Doc. Reference	:	SUBIN-UPUP14227704456982923337928W
Purchased by	:	KRISHNA KUMAR SAPTAM
Description of Document	:	Article 4 Affidavit
Property Description	:	Not Applicable
Consideration Price (Rs.)	:	
First Party	:	KRISHNA KUMAR SAPTAM
Second Party	:	Not Applicable
Stamp Duty Paid By	:	KRISHNA KUMAR SAPTAM
Stamp Duty Amount(Rs.)	:	10 (Ten only)

NOTARIAL NOTARIAL

IN-UP74727539545558W

Please write or type below this line

शपथ–पत्र

समक्ष श्रीमान् महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद
इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश।

मैं कृष्ण कुमार सप्तम पुत्र स्व० श्री उमाशंकर यादव, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बहराइच सशपथ कथन करता हूँ कि:–

1– यह कि प्रार्थी जनपद न्यायालय, बहराइच में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर दिनांक 25–08–2022 से कार्यरत है।

2– यह कि प्रार्थी आवास संख्या बी.6, जजेज कालोनी, बहराइच में निवास करता है और अपने समस्त न्यायिक कार्य तथा कर्तव्यों व दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करता है।

3– यह कि प्रार्थी की विधवा माता अत्यधिक वृद्ध हैं तथा प्रार्थी पर पूर्णतः आश्रित हैं, जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी प्रार्थी के ऊपर है।

क्रमशः

Statutory Alert:
1. The authenticity of this Stamp certificate should be verified at 'www.shcilestamp.com' or using e-Stamp Mobile App of Stock Holding. Any discrepancy in the details on this Certificate and as available on the website / Mobile App renders it invalid.
2. The onus of checking the legitimacy is on the users of the certificate.
3. In case of any discrepancy please inform the Competent Authority.

4- यह कि प्रार्थी की माता श्रीमती हीरा देवी, उम्र लगभग 75 वर्ष हृदय रोग से पीड़ित है तथा वर्ष 2018 में मेदान्ता/मैक्स हॉस्पिटल गुड़गाँव में डॉक्टर बलवीर सिंह हृदय रोग विशेषज्ञ/सर्जन द्वारा इलाज व जाँच के पश्चात दिनांक 17-04-2018 को कृत्रिम पेसमेकर लगाया गया है।

5- यह कि प्रार्थी की माता अन्य बीमारियों से ग्रस्त होने के कारण उनके हृदय पर अत्यधिक प्रभाव पड़ता है और उनके त्वरित उपचार की आवश्यकता होती है। उनके दिल की बीमारी के इलाज व लगे कृत्रिम पेसमेकर की जांच हेतु नियत समयान्तराल पर डॉक्टर से परामर्श हेतु मेदान्ता/मैक्स अस्पताल गुड़गाँव जाना होता है जो नई दिल्ली के रास्ते से ही जाना सम्भव है।

6- यह कि जनपद बहराइच से दिल्ली तक सीधी परिवहन सेवा/रेल सेवा न होने के कारण प्रार्थी अपनी माता जी के दिल व अन्य बीमारी की नियमित जांच हेतु अपनी माता जी को दिल्ली ले जाने में असमर्थ रहता है।

7- यह कि प्रार्थी के अतिरिक्त एक बड़ा भाई व दो छोटे भाई हैं जो गृह जनपद मिर्जापुर में निवास करते हैं। बड़े भाई श्री रुपेश कुमार पारिवारिक विवाद के कारण लगभग 15 वर्षों से अपने परिवार के साथ गृह जनपद मिर्जापुर में ही निवास करते हैं। प्रार्थी व उसके दो अन्य छोटे भाई तथा पारिवारिक सदस्यों से कोई सम्बन्ध नहीं है।

8- यह कि प्रार्थी के अन्य दो छोटे भाई गृह जनपद मिर्जापुर में ही निवास करतें है और उनका कोई स्थिर रोजगार/व्यापार नहीं है तथा माता जी की गम्भीर बीमारी के सम्बन्ध में चिकित्सीय व्यय करने में असमर्थ हैं।

9- यह कि पिता की मृत्यु के पश्चात् परिवार के बड़े सदस्य/बेटे के रुप में परिवार की सम्पूर्ण जिम्मेदारी व उत्तरदायित्व प्रार्थी पर ही है।

10- यह कि प्रार्थी के अतिरिक्त उनकी देखभाल करने वाला कोई और नहीं है और प्रार्थी की माता जी प्रार्थी के साथ ही निवास करती हैं।

उपरोक्त पैरा 1 ता 10 में अंकित समस्त कथन मेरी जानकारी में पूर्णतया सत्य व सही है।

ईश्वर मेरी मदद करे।

भवदीय

Krishna Kr.
23/02/2024

(कृष्ण कुमार सप्तम)
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
बहराइच।
J.O. Code UP 2126

दिनांक 23-02-2024

Krishn Kumar Saptam
23/2/2024